# जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, नारायणपुर छत्तीसगढ़

(एजुकेशन हब, गरांजी, नारायणपुर ई.मेल– cssdm.narayanpur@gmail.com)


क्रमांक / लाईवलीहुड कॉलेज / 2023–24 / 135 नारायणपुर, दिनांक 27 / 09 / 2023

## अतिथि प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, नारायणपुर में संचालित विभिन्न कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षकों की आवश्यकता है, जिस हेतु आवेदन दिनांक 13/10/2023 को समय सायं 05:30 बजे तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, एजुकेशन हब, गरांजी, नारायणपुर में जमा किया जाना है। इच्छुक आवेदक कोर्स एवं पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी cssda.cg.nic.in में प्रदर्शित कोर्स लिस्ट से एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला नारायणपुर के वेबसाईट www.narayanpur.gov.in से प्राप्त कर सकते है। अधोवर्णित पद व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार इच्छुक एवं पात्र आवेदक जो इस पद के लिये निर्धारित अर्हताओं को पूरी करते हो, आवेदन कर सकते है। अतिथि प्रशिक्षकों की निर्धारित योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :–

| S.No | Name of Sector | Name of Course | Course code | No. of Post | Trainer Qualification's and Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Plumbing | Plumber (General) Helper | PSC/Q0101 | 1 | IPSC Certificate - 3 years. . |
| | | | | | ITI in plumbing trade - 4 years |
| | | | | | Diploma or Degree holders in Civil or Mechanical Engineering or equivalent - NIL. |
| 2 | Capital Goods | Assistant Manual Metal Arc Welder | CSC/Q0202 | 1 | ITI ( Fitter , Welder ) , Relevant recognized International welder certificate- 6 Years |
| | | | | | Diploma ( Production & Industrial , Mechinical, Relevant recognized International welder certificate - 5 Years |
| | | | | | B.E./B.Tech (Production & Industrial Engineering , Mechinical Engineering) , Relevant recognized International welder certificate - 4 Years |
| 3 | Green job | Solar PV Installer - Civil | SGJ/Q0103 | 1 | Minimum 3 years of relevant industry experience for ITI / Diploma (Electrical, Electronics, Civil, Mechanical, Fitter, and Instrumentation) |
| | | | | | Minimum 2 years of relevant industry experience for B.Tech (Civil/Mechanical /Electrical/ Instrumentation / Electronics / Electrical and Electronics Eng.) |

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र, पूर्ण बायोडाटा एवं आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, एजुकेशन हब, गरांजी, नारायणपुर में दिनांक 13/10/2023 समय सायं 05:00 बजे तक जमा करें।

**नियुक्ति संबंधी नियम एवं शर्तें :–**

01- आवेदक अपनी अर्हताएँ, संबंधित अनुभव की जॉच स्वयं कर एवं विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हताऐं, अनुभव एवं शर्तो को पूरा करने उपरान्त ही नियमानुसार आवेदन करें। चयन एवं सेवा के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर या असत्य जानकारी आदि दिये जाने पर आवेदन / नियुक्ति निरस्त कर दिया जावेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

02- यदि उम्मीदवार एक से अधिक ट्रेड के लिये सक्षम है, पृथक–पृथक आवेदन करें।

03- अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

04- उम्मीदवार का चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा। चयन सूची कार्यालय के सूचना पटल व जिला के वेब पोर्टल www.narayanpur.gov.in पर प्रदर्शित की जावेगी। आवेदन पत्र में दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नंबर/ई–मेल आई.डी. का उल्लेख करें ताकि संपर्क किया जा सकें।

05- चयनित अभ्यर्थी को मासिक प्रशिक्षण पारिश्रमिक राशि रू0 18,000/– (षब्दो में :– अठारह हजार रूपये मात्र) एकमुश्त प्रशिक्षण अवधि में देय होगा, मानदेय राशि केवल प्रशिक्षण अवधि के लिये ही देय होगा, प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने पर मानदेय की पात्रता नही होगी। किन्तु आगामी निरन्तर प्रशिक्षण कार्य संचालित होने पर प्रशिक्षक को मानदेय राशि देय होगी।

06- उम्मीदवारो का ToT-Domain Certification & Platfrom Certification/CTI सर्टिफाईड होना अनिवार्य है, (प्रमाण पत्र संलग्न करें)। चयन में ToT –Domain Certification & Platfrom Certification/CTI अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी। किसी कोर्स में ToT-Domain Certification & Platfrom Certification/CTI सर्टिफाईड अभ्यार्थी न मिलने की स्थिति में ही अन्य अभ्यार्थी को साक्षात्कार का अवसर दिया जावेगा।

07- अभ्यर्थी के संबंधित SSC से ToT- Domain Certification & Platfrom Certification सर्टिफाईड नहीं होने की दशा में चयन उपरान्त नियुक्ति दिनांक से 01 माह के भीतर स्वयं के खर्चे पर संबंधित सेक्टर में ToT सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त समझी जावेगी।

08- उपरोक्त अधोवर्णित पद के सम्मुख दर्शाये गये अनुभव का होना अनिवार्य है। समकक्ष अनुभव न होने की स्थिति में अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार्य नही होगा।

09- चयनित अभ्यर्थी को चयन उपरान्त सूचना मिलने के 07 दिवस के भीतर कार्यालय में नियुक्ति हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा चयन स्वमेव निरस्त माना जावेगा एवं प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थियों को मौका दिया जावेगा।

10- भर्ती में आरक्षण संबंधी कोई नियम लागू नहीं होंगे।

11- प्रशिक्षक का चयन पूर्णतः अस्थायी होगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

12- चयन उपरान्त यदि कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

13- उपरोक्त पदों पर भर्ती पूर्णतः अस्थायी है तथा राज्य कार्यालय से प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्य पर निर्भर करता है। उपरोक्त पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा नियुक्ति की जाती है, तो संबंधित मेहमान प्रशिक्षक की यह नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त हो जावेगी।

14- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण कार्य के अतिरिक्त हितग्राहियों का मोबलाईजेशन, उनका कांउसलिंग एवं प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षणार्थी का 03 माह के भीतर प्लेसमेंट कराने का कार्य करना होगा।

15- संबंधित सेक्टर में प्रशिक्षण संचालन नहीं होने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

16- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाश की पात्रता नही होगी।

17- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराने हेतु 11 माह तक के लिए ही आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित सेक्टर में कोर्स के प्रशिक्षण कार्य निरन्तर चलने व कार्य कुशलता के आधार पर कार्य अवधि बढ़ाई जावेगी।

18- शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था का अनुभव मान्य होगा।

19- आवेदनकर्ता को छ0ग0 राज्य का निवासी होना अनिवार्य है।

20- किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, नारायणपुर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह निदेशक
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
नारायणपुर (छ.ग.)

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, नारायणपुर छत्तीसगढ़
(एजुकेशन हब, गरांजी, नारायणपुर ई.मेल– cssdm.narayanpur@gmail.com)

## //मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप//

प्रति,

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
नारायणपुर (छ०ग०)

विषय :– मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

मेहमान प्रशिक्षक हेतु निम्नांकित विवरणों के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत है :–

01. आवेदित पद का नाम – ..........

02. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) – ..........

(अंग्रेजी में) – ..........

03. पिता/पति का नाम – ..........

04. जाति – ..........

05. स्थायी पता – ..........

– ..........

– ..........

06. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता – ..........

– ..........

– ..........

07. दूरभाष/मोबाईल नम्बर – ..........

08. जन्मतिथि (अंको में) – ..........

(शब्दों में) – ..........

09. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्र. – ..........

10. लिंग (पुरूष/महिला) – ..........

11. आधार कार्ड क्रमांक – ..........

12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता –

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | मण्डल/बोर्ड/विश्वविद्यालय/आई.टी.आई. संस्था का नाम | विषय/व्यवसाय | प्रतांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

1/2

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

11. अन्य योग्यता का विवरण – ..............................

12. "ToT/CTI" प्रमाणीकरण – हॉं/नहीं ..................

(यदि हॉं तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) – हॉं/नहीं ..................

यदि हॉं तो अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा निम्नानुसार विवरण देवें ।

| विभाग/संस्था का नाम | पदनाम | कार्य अवधि कब से | कार्य अवधि कब तक | कुल कार्य अवधि (वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

02. .................. 02. .................. 03. ..................

05. .................. 05. .................. 06. ..................

07. .................. 08. .................. 09 ..................

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

**घोषणा–पत्र**

मै एतत् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य हैं और यदि वे असत्य पाये जाते है तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त कर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। आवश्यक कार्यवाही के लिये मैं जिम्मेदार रहूंगा/रहूगी।

स्थान :–

दिनांक :–

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**(पूरा नाम एवं पता)**

2/2